Total no. of printed pages- 04

# Class -VI
# Mid Term Examination (2025-26)
# Subject – Hindi
# Marking Scheme & Solution
# Set- A1/A2

| प्र.सं.सैट -A1 | प्र.सं.सैट- A2 | प्रश्न प्रकार | अंक विभाजन | कुल अंक 60 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 6. | अनुच्छेद लेखन - अभिव्यक्ति, भाषिक शुद्धता , वर्तनी | 1*5 | 5 |
| 2. | 7. | पत्र लेखन - अभिव्यक्ति, प्रारूप, भाषिक शुद्धता | 1*5 | 5 |
| 3. | 9. | चित्र वर्णन - अभिव्यक्ति, भाषा, वर्तनी | 1*3 | 3 |
| 4. | 10. | पदभेदानुसार कीजिए -<br>क) जातिवाचक संज्ञा<br>ख) परिमाणवाचक विशेषण<br>ग) सम्बन्धवाचक सर्वनाम | 1*3 | 3 |
| 5. | 5. | सही विकल्प का चयन कीजिए -<br>क) हलवाइन<br>ख) कविताएं<br>ग) अनंत<br>घ) निराशा<br>ड.) रुपए<br>च) मानवता<br>छ) क्रोध करना<br>ज) आकाश, ईश्वर | 1*8 | 8 |
| 6. | 4. | निर्देशानुसार कीजिए -<br>क) पर्यायवाची शब्द लिखिए<br>i) नीर, पानी ii) जलाशय,सरोवर iii) चाँद, शशि | 2<br>2 | 5 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | ख) श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द लिखिए<br>i) दयालु, ऋण, क़र्ज़<br>ii) शेर की गर्दन के बाल, कुमकुम<br>iii) तरफ़, तथा<br>ग) वाक्य शुद्ध कीजिए -<br>i) सबने मज़े से मिठाई खाई \|<br>ii) इस प्रश्न का उत्तर दीजिए\| | 1 | |
| 7. | 1. | प्रश्नोत्तर ( विकल्प)<br><br>क) ध्यानचंद की सफलता का राज़ सच्ची लगन, अभ्यास और खेल भावना थी \| वह गेंद को गोल तक पहुँचाकर अपने किसी साथी को गोल करने का मौका दे देते थे,इससे पता चलता है कि वह अपने से पहले दूसरों के बारे में सोचते थे \|<br><br>ख) खड़गसिंह एक डाकू था । डाकू खड़गसिंह को जो भी चीज़ पसंद आ जाती थी , उसे वह किसी भी हाल में हासिल करना चाहता था । इस बार उसने बाबा भारती के पास जो सुंदर और बलवान घोड़ा है, उसकी काफी तारीफ़ लोगों से सुनी, तो वह घोड़े को देखने के लिए अधीर हो गया । एक दिन वह घोड़ा देखने बाबा के पास आ गया \|<br><br>ग) कहने के कई कारण हैं कि राम प्रसाद बिस्मिल की माँ स्वतंत्र और उदार विचारों वाली थीं। उन्होंने अपने बेटे को स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, और उसके साहसी कार्यों का समर्थन किया। जब बिस्मिल को स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल होने और देश के लिए लड़ने के कारण जेल में डाला गया, तब भी उनकी माँ ने हिम्मत नहीं हारी और अपने बेटे को बलिदान के मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने बेटे की देशभक्ति पर गर्व किया और कभी उसे पीछे हटने के लिए नहीं कहा\|<br><br>घ) , बिस्मिल की माँ शिक्षा के महत्व को समझती थीं। | 3*3 | 9 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | उन्होंने न केवल खुद शिक्षा प्राप्त करने के प्रयास किए, बल्कि अपने बेटे बिस्मिल को भी शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। | | |
| 8. | 2. | प्रश्नोत्तर<br><br>क) भारत के कोने - कोने में सुंदर-सुंदर हरे भरे खेत हैं। चारों तरफ फल और फूलों से लदे हुए पेड़ों से युक्त वन-उपवन हैं। एक तरफ भारत माता के सिर पर हिमालय रूपी मुकुट सुशोभित है तो दूसरी तरफ दक्षिण में अथाह सागर लहरा रहा है। कल-कल बहती हुई नदियाँ भारत माँ के प्राकृतिक सौंदर्य में चार चाँद लगा रही हैं।<br><br>ख) पहली बूँद को कवि ने अमृत के समान इसलिए माना है क्योंकि पहली बूँद ही प्यासी धरती को अमृत रूपी संतुष्टि देती है \| वर्षा ऋतु आती है तो धरती पर कई प्रकार के बदलाव एवं परिवर्तन आने शुरू हो जाते हैं। जैसे- सूखे पड़े मैदानों में हरी-भरी घास झूमने लगती है, धरती में दबे बीज अंकुरित होकर फूटने लगते हैं, पेड़ों में नई शाखाएंँ और पत्ते उमड़ने लगते हैं, फूलों की महक चारों ओर फैल जाती है आदि \|<br><br>ग) रहीम कहते हैं कि एक सच्चा मित्र वही है ,जो हर सुख दुःख की घड़ी में साथ दे ,वो भी निःस्वार्थ भावना से \| केवल अच्छे समय में ही नहीं अपितु बुरे समय में भी तत्पर रहे \| जीवन के हर संघर्ष में साथ रहे\| | 2*3 | 6 |
| 9. | 3. | अपठित गद्यांश<br><br>क) साहस की जिंदगी रोमांचक होती है \|<br><br>ख) जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला व्यक्ति दुनिया की असली ताकत होता है\|<br><br>ग) प्रकाश शब्द का अर्थ है - रौशनी \|<br><br>घ) साधारण लोग अड़ोस - पड़ोस को देखकर चलते हैं \|<br><br>ड.) क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना | 1*5 | 5 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | किसी और के साथ नहीं करते और ना ही वे पड़ोसी की चाल को देखकर अपनी चाल को मदधिम बनाते हैं\| | | |
| 10. | 8. | सही विकल्प चुनिए -<br><br>क) गोपाल कृष्ण कौल<br>ख) सुदर्शन | 1*2 | 2 |
| 11. | 12. | पठित काव्यांश (विकल्प )<br><br>क) प्रथम दिवस पावस का है \|<br><br>ख) धरती से अंकुर फूट पड़ा \|<br><br>ग) बूंद ने नव -जीवन की अंगड़ाई ली \|<br><br>घ)अमृत - सी आकर बूंद धरती पर गिर पड़ी \|<br><br>अथवा<br><br>क) कविता के कवि का नाम रहीमदास है \|<br><br>ख) तलवार<br><br>ग) छोटे व्यक्ति को<br><br>घ) भक्तिकाल के | 1<br><br>1<br><br>1<br><br>1 | 4 |
| 12. | 11.. | पठित गद्यांश<br>क) भरत ने सेना पहाड़ी के नीचे रोक दी\|<br>ख) कोलाहल की जगह पुनः वन की नैसर्गिक शांति ने ले ली \|<br>ग) भरत ने पहाड़ी को प्रणाम किया \|<br>घ) पाँवो की गति अचानक बढ़ गई \|<br>ड.) छात्रगण स्वयं करेंगे \| | 1*5 | 5 |